65. गणेश्वर की सभ्यता .... में स्थित थी।

(a) नागौर (b) बूंदी

(c) भीलवाड़ा (d) सीकर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

66. ताम्रयुगीन स्थल झाड़ोल कहाँ स्थित है-

(a) चित्तौड़ (b) नागौर

(c) उदयपुर (d) जालौर

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (c) – ताम्रयुगीन स्थल झाड़ोल उदयपुर में स्थित है। राजस्थान में ताम्रपाषाणिक संस्कृति के प्रमुख स्थल गणेश्वर (सीकर), आहड़ (उदयपुर), गिलुंद (राजसमंद), बागोर (भीलवाड़ा), बालाथल (उदयपुर) में स्थित है।

67. बालाथल सभ्यता का उत्खनन किसके निर्देशन में हुआ?

(a) बी. बी. लाल (b) वी. एन. मिश्र

(c) आर. सी. अग्रवाल (d) अमलानंद घोष

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : उदयपुर जिले के बालाथल ग्राम में 1993 ई. में प्रो. वी.एन. मिश्र ने उत्खनन कार्य करवाया था। जिसके फलस्वरूप एक ताम्रपाषाणिक सभ्यता अस्तित्व में आई। यहाँ लोहा गलाने की भट्ठियों के अवशेष मिले हैं। अधपके मृदभाण्ड, मिट्टी से बनी साँड की मूर्तियां, ताम्र उपकरण आदि प्राप्त हुए हैं। यहाँ से प्राप्त मकानों, मृदभाण्डों तथा तांबे के औजारों पर सिन्धु घाटी सभ्यता का प्रभाव दिखाई पड़ता है। बालाथल से 11 कमरों के विशाल भवन के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

68. ग्यारह कमरों वाला विशाल भवन राजस्थान के किस सभ्यता में पाया गया है?

(a) कालीबंगा (b) आहड़

(c) बालाथल (d) बैराठ

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

69. बालाथल राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों में से एक है, जो कि ....में स्थित है।

(a) सीकर (b) उदयपुर

(c) भीलवाड़ा (d) हनुमानगढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

70. राजस्थान में गोपीचंद गुफा कहाँ स्थित है?

(a) जयपुर (b) माउंट अबू

(c) झालावाड़ (d) टोंक

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : राजस्थान में गोपीचंद गुफा माउंट अबू में स्थित है।

71. मत्स्य जनपद का सर्वप्रथम उल्लेख किस में मिलता है?

(a) ऋग्वेद में (b) यजुर्वेद में

(c) सामवेद में (d) अथर्ववेद में

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (a) : छठी शताब्दी ईसा.पूर्व के बौद्ध ग्रन्थ अंगुन्तर निकाय और जैन ग्रंथ भगवतीसूत्र में 16 महाजनपदों की सूची मिलती है। जिसमें मत्स्य जनपद का उल्लेख है किन्तु मत्स्य जनपद का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में किया गया है। मत्स्य साम्राज्य की राजधानी विराटनगर (आधुनिक बैराट, जयपुर के निकट) में थी।

72. सन् 1837 में बीजक पहाड़ी (बैराठ) स्थित अशोक के शिलालेख को किसने खोजा?

(a) कैप्टन बार्ट (b) कर्नल जैम्स टॉड

(c) कैप्टन हॉकिन्स (d) आर.सी.अग्रवाल

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (a) : सन् 1837 में बीजक पहाड़ी (बैराठ) स्थित अशोक के शिलालेख की खोज कैप्टन बार्ट ने की। जेम्स प्रिंसेप एक ब्रिटिश पुरातत्वविद् एवं औपनिवेशिक प्रशासक थे। वे अशोक के शिलालेखों को पढ़ने वाले पहले व्यक्ति थे। ये शिलालेख चट्टानों पर उत्कीर्ण कराये गये है। इस लेखों में अशोक के राजकीय कार्यो की सूचना प्राप्त होती है।

73. बैराठ (जयपुर के पास) के पास भीमजी की डूंगरी के तल पर दो .... शिलालेख बैराट शिलालेख और लघु शिलालेख की खोज की गई है।

(a) चालुक्य (b) मुगल

(c) अशोक (d) राठौर

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : बैराठ (विराटनगर) जो जयपुर के पास स्थित है महाजनपद काल में 16 महाजनपदों में एक मत्स्य महाजनपद की राजधानी थी। मौर्य शासक अशोक के दो-एक शिलालेख बैराठ और एक लघुशिलालेख भीम जी डूंगरी तल की खुदाई से प्राप्त हुआ है।

74. भीम की डूंगरी एवं बीजक की पहाड़ी राजस्थान की किस सभ्यता से संबंधित स्थल हैं?

(a) आहड़ सभ्यता (b) कालीबंगा सभ्यता

(c) गणेश्वर सभ्यता (d) बैराठ सभ्यता

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : भीम की डूंगरी एवं बीजक की पहाड़ी राजस्थान की बैराठ सभ्यता से संबंधित स्थल हैं। बैराठ सभ्यता जयपुर जिले में स्थित है यह लौह युगीन सभ्यता है।

75. राजस्थान का यह स्थान जो पहले विराटनगर से जाना जाता था जहाँ पर पांडवों ने अज्ञातवास का एक वर्ष बिताया था, आज किस नाम से जाना जाता है?

(a) कोलायत (b) बैराठ

(c) नागदा (d) इनमें से कोई नहीं

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा 2019 (21 मार्च 2021)

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : विराटनगर को बैराठ के नाम से भी जाना जाता है जहाँ पर पांडवो ने अज्ञातवास का 1 वर्ष बिताया था। विराटनगर की स्थापना राजा विराट ने की थी और ये प्राचीन राज्य मत्स्य की राजधानी थी।

76. दयाराम साहनी, नीलरत्न बनर्जी एवं कैलाशनाथ दीक्षित की किस सभ्यता के उत्खनन में मुख्य भूमिका रही?

(a) आहड़ (b) बैराठ

(c) गिलूण्ड (d) बागोर

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

RPSC-2017